संख्या–cm-114
15/03/2024

मुख्यमंत्री ने 811 करोड़ रुपये की लागत की 20 योजनाओं का किया शुभारंभ/शिलान्यास, कृषि ज्ञान वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पटना, 15 मार्च 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग में रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर 811 करोड़ रुपये की लागत की 20 योजनाओं का शुभारंभ/शिलान्यास किया। इन योजनाओं के अंतर्गत किसान कॉल सेंटर, आत्मा योजना, राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्रों की घेराबंदी, कृषि प्रसार योजना, कृषि यांत्रिकरण योजना, राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्रों की घेराबन्दी, कृषि यांत्रिकरण राज्य योजना, प्रति बूंद अधिक फसल योजना, बिहार पोषक अनाज (मिलेट्स) विकास योजना, बिहार मक्का विकास योजना, मधुमक्खी पालन एवं मधु उत्पादन कार्यक्रम, बीज योजनाएँ (मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार, प्रमाणित बीज उत्पादन कार्यक्रम, बीज ग्राम योजना तथा धान बीज वितरण कार्यक्रम), केला क्षेत्र विकास योजना, प्याज, मखाना और अन्य उत्पादों का भंडारण, जैविक खेती प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत ढैचा बीज वितरण, मशरूम किट का वितरण एवं झोपड़ी में मशरूम उत्पादन, शुष्क बागवानी योजना, मखाना विकास योजना, कृषि ज्ञान वाहन, पान विकास योजना, सिंघाड़ा विकास, आदर्श बागवानी केन्द्र (चाय), किशनगंज, उद्यानिक कलस्टर विकास योजना आदि से संबंधित योजनाएं शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 4 कृषि ज्ञान वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि ज्ञान वाहनों को रवाना करने के पहले मुख्यमंत्री ने कृषि ज्ञान वाहन के अंदर जाकर सारी व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध उपकरणों की उपयोगिताओं की जानकारी ली। इस दौरान कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि किसानों को कृषि ज्ञान वाहन के माध्यम से कृषि सूचना एवं उनकी समस्याओं का समाधान उनके द्वार तक किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में चतुर्थ कृषि रोड मैप की शुरुआत की गई है। चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत कृषि विभाग द्वारा प्रथम चरण में बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना तथा बिहार कृषि प्रबंधन और प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती), पटना के द्वारा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की नवीनतम जानकारी प्राप्त कर किसानों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि ज्ञान वाहन विकसित कराया गया है। इस ज्ञान वाहन से मिट्टी जाँच की सुविधा, किसानों को फसल विशेष के लिए उर्वरक व्यवहार की मात्रा, पशुओं की समस्याओं का त्वरित निदान, कीट–व्याधि सहित खरपतवार की पहचान एवं उसके प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी। यह ज्ञान वाहन राज्य के विभिन्न जिलों के किसानों को कृषि की नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराने के साथ–साथ उन्हें जागरूक करेगा।

कृषि ज्ञान वाहन के माध्यम से लोक हितकारी सरकारी योजनाओं के प्रति किसानों को जागरूक किया जाएगा साथ ही तकनीकी फिल्मों के प्रदर्शन और कृषि प्रसार साहित्य के माध्यम से उनका ज्ञान संवर्द्धन किया जाएगा। कृषि ज्ञान वाहन द्वारा मिट्टी जांच नमूनों का

संग्रहण, कृषि से जुड़े समस्याओं का किसानों के द्वार पर निराकरण, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों से जुड़ी व्यवहारिक समस्याओं का निदान, खाद्यान्न/बागवानी/अन्य फसलों के कीट–व्याधि के साथ–साथ पशु एवं पक्षी के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कृषि ज्ञान वाहनों से किसानों को कृषि उपादानों यथा बीज, जैविक खाद, तरल बायो फर्टिलाईजर सहित मशरूम स्पॉन आदि उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने हरित पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह परिवहन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, विकास आयुक्त श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, निदेशक, उद्यान श्री अभिषेक कुमार, निदेशक, बामेती श्री आभांशु सी0जैन सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******